DATE :- 20-08-2025
DAINIK BHASKAR, PAGE-03, SURAT


# सूरत भास्कर

दैनिक भास्कर
सूरत, बुधवार, 20 अगस्त, 2025 | 3





**मेट्रो प्रोजेक्ट** • टीबीएम अमृत ने टनल का काम पूरा कर चौक बाजार स्टेशन पर ब्रेकथ्रू किया

## सूरत स्टेशन से चौक बाजार तक 3.5 किमी डाउन टनल तैयार


ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत


सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट ने एक बड़ा पड़ाव पार कर लिया है। अंडरग्राउंड सेक्शन में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) अमृत ने चौक बाजार स्टेशन पर 3.5 किमी लंबी डाउन लाइन टनल का ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा किया। जबकि अपलाइन टनल का 20 फीसदी काम बाकी है, जो जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (GMRC) ने इसे उपलब्धि बताया है। बता दें कि मेट्रो कॉरिडोर-1 में 15.14 किमी हिस्सा एलीवेटेड (14 स्टेशन) और 6.47 किमी हिस्सा अंडरग्राउंड (6 स्टेशन) है। अंडरग्राउंड स्टेशनों में चौक बाजार, मस्कती अस्पताल, सूरत रेलवे स्टेशन, सेंट्रल वेयरहाउस, लाभेश्वर चौक और कापोद्रा शामिल हैं। चौक बाजार से कापोद्रा के बीच अप और डाउन दोनों लाइनों की टनल बनाने का कार्य चल रहा है। बता दें कि सूरत स्टेशन के बीच 3.3 किमी की अप और डाउन टनल पहले की तैयार हो चुकी हैं।



डाउन टनल तैयार

### मेट्रो प्रोजेक्ट पर एक नजर

**कॉरिडोर-1**
(डायमंड कॉरिडोर) उत्तरी-दक्षिणी दिशा में ड्रीम सिटी और डायमंड बर्स से सरथाणा तक 21.61 किमी लंबा है। इसमें 20 स्टेशन होंगे।

**कॉरिडोर-2**
(टेक्सटाइल कॉरिडोर) भेंसाण से सारोली तक 18.74 किमी लंबा है, जिसमें 18 स्टेशन होंगे। दोनों कॉरिडोर मजूरा गेट स्टेशन पर आपस में जुड़ेंगे।